दिनांक : 15.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

देशभर में आज 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता का यह दिन 140 करोड़ देशवासियों के संकल्पों का पर्व है। उन्होंने देश को दिशा देने वाले और मार्ग दिखाने वाले संविधान निर्माताओं को नमन किया। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें वीर जाबांज़ों को सलाम करने का अवसर मिला है। श्री मोदी ने देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। भारत ने वर्ष 2030 तक स्वच्छ ऊर्जा को पचास प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन देशवासियों के संकल्प के जरिए ये लक्ष्य पांच साल पहले 2025 में ही पूरा कर लिया गया है। नारी शक्ति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं आज देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। नमोड्रोन दीदी परियोजना नारी शक्ति की पहचान बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है और इसके तहत दो करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज के सभी वर्गों के आत्मनिर्भर बनने से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री ने आज जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में आयोजित स्वाधीनता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में ये बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज के हर पात्र व्यक्ति को इनका लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने जोधपुर के सर्कित हाउस में झंडा फहराया। शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजभवन में झंडा रोहण किया। इस दौरान राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित सरकारी विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप पुस्तकें और मिठाई वितरित की। राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत खेजड़ी का पौधा भी लगाया।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी प्रभारी मंत्रियों और संभागीय आयुक्तों ने राष्ट्र ध्वज फहराया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय काम करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

विभिन्न कार्यालयों, प्रतिष्ठानों और घरों में लोगों ने तिरंगा फहराया। इसके साथ ही स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस बीच, जयपुर स्थित राजभवन में आज शाम एट होम कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट के अन्य मंत्री शामिल होंगे। इनके अलावा, जनप्रतिनिधि और आला अधिकारी भी हिस्सा लेंगे।

000

बच्चों के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने और पेट के कीड़ों से होने वाली बीमारियों पर नियंत्रण के लिए जयपुर जिले में एक दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि ये अभियान 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' के अवसर पर 22 अगस्त को चलाया जाएगा। इसके तहत सभी सरकारी और निजी स्कूलों, मदरसों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को एल्बेंडाज़ॉल की गोली दी जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश इस दिन दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 29 अगस्त को 'मॉप–अप दिवस' के तहत दवा दी जाएगी।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। इसके अलावा कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभगा के अनुसार सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर पानी टोंक के निवाई में बरसा। विभाग ने राज्य के पूर्वी भागों में आज से और पश्चिमी इलाकों में कल से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना

व्यक्त की है। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर के लिए बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है।

000